**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तरालेख**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 11 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सलेमपुर पतौरा ब्लाक काकोरी जनपद लखनऊ के निवासियों को कोटे के अंतर्गत मिलने वाले राशन कार्ड दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 16 अप्रैल,2024 जो कि विशेष सचिव मुख्यमंत्री को सम्बोधित था,प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| (ख) यदि हां, तो उक्त पत्र के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है और क्या पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों को उक्त का लाभ प्राप्त होने लगा है? | जिलाधिकारी,लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि मा0 सदस्य के पत्र दिनांक-16.04.2024 द्वारा श्रीमती शीला देवी पत्नी राजेश कुमार, ग्राम सलेमपुर पतौरा जनपद लखनऊ के प्रपत्र संलग्न करते हुए राशनकार्ड बनने के बावजूद राशन न दिये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। प्रकरण की जांच कराये जाने पर यह पाया गया कि श्रीमती शीला देवी पत्नी राजेश कुमार के नाम से कोई राशनकार्ड जारी न होने के कारण उन्हें खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो रहा है। शिकायतकर्ता से दिनांक 22.06.2024 को सम्पर्क कर राशन कार्ड बनाये जाने सम्बन्धी आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर पात्रता/अपात्रता की जांच करायी गयी,जिसमें यह पाया गया कि शिकायतकर्ता के पास चार पहिया वाहन तथा निर्धारित मानक से अधिक क्षेत्रफल का मकान है। इस प्रकार राशन कार्ड हेतु निर्धारित मानक के अनुसार ये अपात्र की श्रेणी में आते हैं। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार । |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।